हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

26 फ़रवरी 2026, समय 1810

मुख्य समाचार :-

1. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिंगल यूज़ प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग पर चिंता व्यक्त की - जनप्रतिनिधियों से लोगों को प्लास्टिक के नुकसान बारे जागरूक करने का आह्वान किया।

2. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा - प्राकृतिक आपदा से फसल खराब होने से प्रभावित हर किसान को मुआवजा मिलेगा।

3. मुख्यमंत्री ने इंडिया ए आई समिट में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस की आलोचना की।

4. केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान ने कुंडली में राष्ट्रीय खाद्य प्रोद्योगिकी संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय सम्मलेन का उद्घाटन किया - अंतर्राष्ट्रीय मापदंड के अनुसार कृषि उत्पाद तैयार कर वैश्विक बाज़ार में भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया।

5. सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से संबंधित अध्याय वाली एनसीईआरटी की पुस्तक पर प्रतिबंध लगाया।

*********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज सिंगल यूज़ प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग पर गहरी चिंता व्यक्त की और इसके उपयोग को कम करने के लिए सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया।

विधानसभा में सदन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री  नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर में सिंगल यूज़ प्लास्टिक को बंद करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।उन्होंने कहा कि यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है, इसलिए इस बारे सभी को जागरूक करना होगा, जिसके लिए सामूहिक प्रयासों की ज़रूरत है।

मुख्यमंत्री ने सदन के माध्यम से सभी सदस्यों से आग्रह किया कि वे जनप्रतिनिधि होने के नाते सभी को प्लास्टिक के नुकसान के बारे आगाह करें क्योंकि प्लास्टिक का प्रयोग कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन रहा है।

*********************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि प्राकृतिक आपदा से फसल खराब होने से प्रभावित उन किसानो को भी मुआवजा मिलेगा जो किसी वजह से इससे वंचित रह गए हैं। मुख्यमंत्री आज सदन में विधायक बलराम दांगी द्वारा मुआवजे के संबंध में पूछे गए प्रश्न का उत्तर दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि सरकार ने महम विधानसभा क्षेत्र के गांवों के किसानों को लगभग साढ़े 6 करोड़ रुपये मुआवजे के तौर पर वितरित किए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने पटवारी की जिम्मेदारी तय की है कि अगर किसी किसान की फसल का खराबा हुआ है तो उसकी शत-प्रतिशत सूचना सरकार को लिखित में देगा।

**************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार प्रदेश में
ए आई के सदुपयोग को बढ़ावा देने के लिए कटिबद्ध है।
मुख्यमंत्री आज हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन में बोल रहे थे।
मुख्यमंत्री ने हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित इंडिया ए आई समिट में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस की आलोचना की।

**************************************************************************

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि कृत्रिम सामग्री का निर्माण उस व्यक्ति की सहमति के बिना नहीं किया जाना चाहिए जिसका चेहरा, आवाज या व्यक्तित्व सामग्री बनाने में इस्तेमाल किया गया हो। उन्होंने यह बात आज नई दिल्ली में एक सम्मेलन में कहीं।

*प्लेटफॉर्म्स को अपने द्वारा परोसी गई सामग्री की ज़िम्मेदारी लेनी चाहिए। बच्चों सहित सभी नागरिकों की ऑनलाइन सुरक्षा प्लेटफॉर्म्स की ज़िम्मेदारी है। अब इंटरनेट का सिद्धांत बदल गया है। जिस व्यक्ति का चेहरा, आवाज़ या व्यक्तित्व कंटेंट बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाना है, उसकी मंज़ूरी जरूरी है।*

श्री वैष्णव ने कहा कि अब समय आ गया है कि प्लेटफॉर्म साइबर धोखाधड़ी और साइबर अपराध के खिलाफ सक्रिय कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि प्लेटफॉर्मों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनका उपयोग अवैध गतिविधियों को बढ़ावा देने या अपराध करने के लिए न किया जाए।

**************************************************************************

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान ने आज कुंडली में राष्ट्रीय खाद्य प्रोद्योगिकी संस्थान- निफ्टेम में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मलेन का शुभारंभ किया।
केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 के विकसित भारत के संकल्प का सपना पूरा करने के लिए कृषि,खाद्य प्रसंस्करण में नई प्रोद्योगिकी के उपयोग से अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के अनुरूप विकास करना होगा। वैश्विक बाज़ार में अपनी भागीदारी बढ़ाने के लिए फल, सब्ज़ी व कृषि उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय मापदंड के अनुसार तैयार करना होगा। इससे किसानों ओर कृषि से जुड़े नए खाद्य प्रसंस्करण स्टार्टअप देश में रोजगार के अवसर पैदा कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि निफ्टेम संस्थान इस दिशा में बेहतर काम कर रहा है।
निफ्टेम संस्थान में आज से शुरू हुए सेमिनार में 25 देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे है।वही देश के कई विश्वविद्यालयों के कुलपति भी इसमें शिरकत कर रहे है।

***********************************************************************

सर्वोच्च न्यायालय ने एनसीईआरटी की कक्षा 8 की उस पुस्तक पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है जिसमें न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से संबंधित एक अध्याय है। सर्वोच्च न्यायालय ने सभी प्रतियों को जब्त करने के साथ-साथ इसके डिजिटल प्रारूपों को भी हटाने का आदेश दिया है। न्यायालय ने केंद्र और राज्य प्रशासन को तत्काल अपने निर्देशों का पालन करने का आदेश दिया है और किसी भी रूप में निर्देशों का उल्लंघन करने पर गंभीर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

***********************************************************************

पंचकूला नगर निगम ने शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को मजबूत करने और स्वच्छता के उच्च मानकों को हासिल करने के उद्देश्य से निर्माण एवं विध्वंस कचरे की सफाई एवं प्रबंधन के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है।

***********************************************************************